आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 28.09.2025**

**मुख्य समाचारः—**

1— मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने का किया आह्वान।

2— कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन माओवादी मारे गए—घटनास्थल से हथियार सहित अन्य माओवादी सामग्री बरामद।

3— केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के सभी नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र खोलने के लिए पचास करोड़ रुपए मंजूर किए।

4— मुख्यमंत्री आज रायपुर में जीएसटी सुधारों पर केंद्रित कार्यक्रम में शामिल हुए।

----------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र का स्मरण रखते हुए इन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में आज श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और भारतीय उत्पादों को खरीदने से परिवार

में खुशियां बढ़ जायेंगी। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेश में तैयार उत्पादों को खरीदने से कारीगरों के परिश्रम का सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।

**आने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं। और इस बार तो जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए।**

श्री मोदी ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की भी स्वच्छता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आगामी दो अक्तूबर को गांधी जयंती के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर जोर दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। श्री मोदी ने देशवासियों को आगामी त्योहारों और ख़ासकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**मन की बात–छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में भी सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में विधायक पुरंदर मिश्रा, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के और छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि यह कार्यक्रम करोड़ों देशवासियों को जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने, नवाचार और बेहतर कार्यों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है।

**माओवादी मुठभेड़/हथियार बरामद–01**

कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन माओवादी मारे गए, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इन माओवादियों पर कुल चौदह लाख रूपये का इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक एसएलआर, एक थ्री नॉट थ्री रायफल, बारह बोर की बंदूक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है।

जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा बलों को छिंदखड़क और तिरियारपानी गांव में सात से आठ माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में सीतानदी नगरी एरिया कमेटी का सचिव सरवन मडकम उर्फ विश्वनाथ भी मारा गया, जिस पर आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इस बीच, सुकमा में पुलिस और सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा हथियार बनाने के एक बड़े कारखाने को ध्वस्त कर दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इस कारखाने से भारी मात्रा में हथियार, बारूद और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को इस बात की जानकारी मिली थी कि माओवादियों द्वारा इन हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाने वाला था।

**माओवादी मुठभेड़/हथियार बरामद–02**

उधर, नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने पांच–पांच किलो के पांच आईईडी बरामद किए हैं। सुरक्षा बलों ने इन सभी विस्फोटकों को कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कोडलियार गांव के पास से बरामद किया है। बाद में बम निरोधक दस्ते की टीम ने विस्फोटकों को निष्क्रिय कर दिया।

इधर, कोरबा से पुलिस ने एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। रामा ईचा नाम के इस माओवादी का संबंध रायपुर से गिरफ्तार किए गए नक्सली दंपत्ति से था।

**<u>ननि–आदर्श सुविधा केन्द्र</u>**

केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य के सभी नगरीय निकायों में आदर्श सुविधा केंद्र खोलने के लिए पचास करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। पहले चरण में चौदह नगर निगमों और पचपन नगर पालिकाओं में आदर्श सुविधा केंद्र शुरू किए जाएंगे। ये सुविधा केंद्र लोगों को विभिन्न तरह के प्रमाण पत्र और लाइसेंस प्राप्त करने तथा पंजीयन और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं के लिए एकल खिड़की केंद्र की तरह काम करेंगे।

गौरतलब है कि आदर्श सुविधा केन्द्र के माध्यम से नगरीय निकायों में लोगों को आवश्यक दस्तावेज और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही प्रदेश में संचालित अन्य नागरिक सुविधा पोर्टल जैसे निदान–एक एक शून्य शून्य, मोर संगवारी, संपत्ति कर तथा नगरीय प्रशासन से संबंधित अन्य सेवाओं और सुविधाओं को भी आदर्श सुविधा केन्द्र के साथ जोड़ा जाएगा।

**<u>मुख्यमंत्री–जीएसटी रिफॉर्म</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जीएसटी सुधारों पर केंद्रित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों के कारण दैनिक उपयोग के अनेक सामान सस्ते हो गए हैं। इसका लाभ आम लोगों को भी लगातार मिल रहा है।

जीएसटी बचत उत्सव के तहत पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कल सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर स्थित दुकानों का दौरा कर उपभोक्ताओं और व्यापारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है।

## सेवा पर्व

सेवा और सुशासन यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में हम आपके लिए लाए हैं कि कैसे मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के किसानों को सशक्त बनाया है।

**भारत सदियों से कृषि प्रधान देश रहा है और आज भी, देश की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है। हालांकि, हमारे अन्न भंडारों को अनाज से भरने वाले किसानों को अक्सर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनके संघर्षों को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की घोषणा करके मदद का हाथ बढ़ाया। चौबीस फरवरी दो हजार उन्नीस को उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में इस योजना का उद्घाटन किया था।**

**पीएम–किसान योजना देश की सबसे बड़ी कल्याणकारी पहलों में से एक है। इस योजना के तहत, किसानों को हर चार महीने में दो हजार रुपये मिलते हैं, जो सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए जाते हैं। छह हजार रुपये की यह वार्षिक सहायता किसानों को काफी राहत पहुंचाती है और उनका बोझ कम करती है।**

**पीएम–किसान योजना के तहत अब तक इक्कीस किश्तों में तीन लाख नब्बे हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा सीधे किसानों के खातों में पहुंचाए जा चुके हैं।**

**"सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस"**

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में आज रायपुर में "सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस" का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की नई वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। पहला समझौता छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन मंडल–आईआरसीटीसी के बीच मुख्यमंत्री जन पर्यटन योजना शुरू करने के लिए किया गया। वहीं, दूसरा समझौता छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और व्यापार–व्यवसाय की राष्ट्रीय संस्था–फिक्की के बीच राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रोड शो तथा छत्तीसगढ़ ट्रैवल मार्ट के आयोजन के लिए किया गया।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने पर्यटन क्षेत्र में योगदान देने वाले स्टेकहोल्डर्स को सम्मानित भी किया।

**संक्षिप्त समाचार**

– आज शहीद भगत सिंह की जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के भगत सिंह चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

–  रायपुर के खमतराई में आज दोपहर स्याही गोदाम में आग लग गई। छुट्टी का दिन होने के कारण गोदाम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अग्निशमन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

और

–  रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित रिकॉर्ड रूम की छत आज सुबह गिर गई। हादसे के समय कमरा खाली था, इस वजह से जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>